तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 15 अगस्त 2025

10 बलौदाबाजार में माताओं ने किया हलषष्ठी व्रत



12 संतान की लंबी उम्र के लिए माताओं ने रखा व्रत...





## खबर संक्षेप

### मुसवाडीह में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां पूरी

**हिरमी रावन** । स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 15 अगस्त को मुसवाडीह पंचायत में सरपंच अंजली पवन सारथी, भालेसुर पंचायत में सरपंच नवीन वर्मा, जारा पंचायत में सरपंच रामायण धीवर तथा मोहरा पंचायत में सरपंच तारणी जवाहर वर्मा ध्वज ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर गांव के चौक-चौराहों, शासकीय एवं निजी विद्यालयों में भी ध्वजारोहण किया जाएगा। स्कूलों में बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। ग्रामवासियों में इस राष्ट्रीय पर्व को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है।

### लाल किला में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं गुडेलिया सरपंच



**भाटापारा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, भाटापारा के ग्राम गुडेलिया के सरपंच संकेत अग्रवाल को भारत सरकार द्वारा दिल्ली के लाल किले में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह सम्मान उन्हें ग्राम पंचायत में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत गुडेलिया को एक आदर्श, स्वच्छ और विकसित ग्राम पंचायत के रूप में जाना जाता है, जिसकी चर्चा पूरे प्रदेश में होती रहती है। यह पहला मौका है जब भाटापारा विधानसभा के किसी ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर इतना बड़ा सम्मान मिला है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से पूरे भाटापारा क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

### 20 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



**बलौदाबाजार** । आबकारी आयुक्त श्याम धावड़े के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में बुधवार को कसडोल वृत्त अंतर्गत ग्राम सोनाखान में आबकारी विभाग की टीम द्वारा सोनाखान निवासी आरोपी राजकुमारी पति नारायण देवदास के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 4,000 होना पाया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 59 (क) का उल्लंघन होना पाया गया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालयीन अभिरक्षा में भेजा गया। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा मौजूद रहे।

### 5 साल से गुमशुदा महिला परिवार से मिली

**बलौदाबाजार।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में, पिछले 5 साल से गुमशुदा एक मानसिक रूप से कमजोर महिला को ढूंढकर उसके परिवार को सकुशल सौंपा गया है। रंभा यादव (40), जो ग्राम सोनाडीह की निवासी है, 5 साल पहले अपने घर से चली गई थी, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट चौकी करहीबाजार में दर्ज कराई गई थी। पुलिस और परिजनों द्वारा लगातार की जा रही खोजबीन के दौरान, हाल ही में यह सूचना मिली कि रंभा यादव कोरबा के 'अपना घर सेवा आश्रम' में है। जानकारी मिलते ही करहीबाजार पुलिस चौकी की एक टीम तुरंत महिला के परिजनों के साथ कोरबा रवाना हुई। आश्रम में 5 साल बाद अपनी बेटी को देखकर पति रामायण और परिवार के अन्य सदस्यों की आँखों में आँसू छलक आए। रंभा भी अपने परिवार को देखकर बहुत खुश हुई।

## पर्व : एसपी भावना गुप्ता और नपा अध्यक्ष अशोक जैन ने भी लिया हिस्सा

# सद्भावना दौड़ : देशभक्ति और एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार





स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ सुबह 7 बजे जिला मुख्यालय स्थित पंडित चक्रपाणि शुक्ल विद्यालय परिसर से शुरू हुई। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकार, अधिकारी, कर्मचारी और स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ दौड़ लगाई, जिसमें पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता और नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भी हिस्सा लेकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

**देश के भविष्य हैं बच्चे : एसपी**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि यह सद्भावना दौड़ एक अनुशासित तरीके से पूरी की गई, जो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने बच्चों को कल का भविष्य बताते हुए कहा कि वे छोटी-छोटी अच्छी आदतों को अपनाकर एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं और देश की उन्नति में योगदान दे सकते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि बच्चों का जोश देखने लायक था और उम्मीद है कि स्वतंत्रता और देश प्रेम की यह भावना हमेशा बनी रहेगी। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बच्चों से अपील की कि वे अच्छी सोच के साथ आगे बढ़ें, क्योंकि उनकी अच्छी सोच ही उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाएगी। उन्होंने कहा कि देश की उन्नति में हर व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है।

इस आयोजन में पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीएम प्रकाश कोरी, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान

**बलौदाबाजार।** नगर पालिका द्वारा आयोजित 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान 2025' की शुरुआत एक भव्य देशभक्ति रैली के साथ हुई। अटल परिसर गार्डन चौक पर आयोजित कार्यक्रम में सेल्फी और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें सभी अतिथियों ने देशभक्ति संदेशों के साथ हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने अमर बलिदानियों को याद करते हुए सभी से अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। रैली में भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई और लोगों से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। राष्ट्रभक्ति और स्वच्छता का संदेशइस अभियान का उद्देश्य केवल तिरंगा फहराना नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति भी जागरूकता फैलाना है। रैली में शामिल लोगों ने शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हो पाया है। कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी और पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने भी भाग लिया। सभी ने मिलकर मुरूम तालाब के पास सोनपुरी रोड पर फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, प्रमोद शर्मा, सनम जांगड़े सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने अभियान की सफलता में अपना योगदान दिया।



### अर्जुनी में निकली रैली

**अर्जुनी ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी तिरंगा यात्रा के तारतम्य में गुरुवार 14 अगस्त को ग्राम पंचायत अर्जुनी में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत विष्णु साहू ग्रामीण महामंत्री व उपसरपंच के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के हृदय स्थल गांधी चौक महामाया मंदिर वितराग चौक बस स्टैंड से होते हुए समापन हुई। इस यात्रा में हाथ में तिरंगा लिए भारत माता की जय जयकार करते हुए आगे चल रहे थे। इस तिरंगा यात्रा में डोमन वर्मा जिला पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच कविता, भगेला ध्रुव उपसरपंच एवं ग्रामीण महामंत्री भाजपा विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, कन्हैया कटारे, ओम प्रकाश साहू, संतोष वर्मा, विजय वर्मा, जीवन साहू, हरिशंकर यद्धु, चित्ररेखा साहू, एवं शक्ति केंद्र अर्जुनी तथा सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राएं और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# अधिवक्ता संघ ने पुलिस पर लगाया दलाली का आरोप एसपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

अधिवक्ता संघ भाटापारा ने पुलिस विभाग के अधिकारियों पर दलाली का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता संघ ने आरोप लगाया है कि भाटापारा शहर, ग्रामीण, निपनिया चौकी, हथबंद और सुहेला थानों के पुलिस अधिकारी विवेचना के दौरान पक्षकारों को एक विशेष अधिवक्ता को नियुक्त करने के लिए दबाव डालते हैं।

अधिवक्ता संघ ने बताया कि पुलिस अधिकारी व्यक्ति विशेष अधिवक्ता का नाम लिखकर पक्षकारों को भेजते हैं, जिससे सामान्य अधिवक्ताओं का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। संघ के अनुसार, यह दलाली की प्रथा है, जिसे रोकने के लिए पूर्व में भी अधिकारियों को सूचित किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त हिदायत देने का आश्वासन दिया है। जिला आबकारी अधिकारी ने भी भविष्य में ऐसे अवैध कार्य न करने की चेतावनी दी है।

**बैठक व्यवस्था और बिजली बिल की मांग:** अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर को भी एक आवेदन सौंपा है, जिसमें न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए बैठक की उचित व्यवस्था हेतु शेड निर्माण की मांग की गई है। इसके अलावा, उन्होंने अधिवक्ता कक्ष के बिजली बिल के भुगतान में भी मदद की अपील की है।

# त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आगामी धार्मिक पर्वों और त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में, असामाजिक और आपराधिक तत्वों पर लगाम कसने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत, गुरुवार 14 अगस्त 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के गुंडा बदमाशों को थाने बुलाकर परेड कराई गई।

इस दौरान एसडीओपी बलौदाबाजार निधि नाग, निरीक्षक अजय झा, उप पुलिस अधीक्षक कौशल वासनिक और एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू ने सभी गुंडा बदमाशों को सख्त हिदायत दी। उन्हें स्पष्ट रूप से समझाया गया कि त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी या कानून का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**विजुअल पुलिसिंग पर जोर:** पुलिस विभाग ने आम जनता के बीच सुरक्षा की भावना बढ़ाने के लिए विजुअल पुलिसिंग के तहत पैदल और बाइक पेट्रोलिंग भी बढ़ा दी है। पुलिस की लगातार उपस्थिति से आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

**असामाजिक तत्वों को चेतावनी:** पुलिस ने चेतावनी दी है कि अवैध गतिविधियों में लिप्त और आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# सामुदायिक भवन निर्माण में लापरवाही, कलेक्टर ने दिए एसडीओ को नोटिस जारी करने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



बुधवार को कलेक्टर दीपक सोनी ने गिरौदपुरी का दौरा कर लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में देरी और गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने मौके पर ही लोक निर्माण विभाग के एसडीओ को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

कलेक्टर ने भवन के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से निरीक्षण किया, जिसमें पेंटिंग, किचन और बाथरूम की गुणवत्ता भी शामिल थी। उन्होंने कुछ दीवारों में दरारें और अन्य मरम्मत योग्य कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। यह भवन लगभग 2 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से बन रहा है, जिसमें 5 कमरे, 2 डॉर्मिटरी, एक मंच, किचन और महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग बाथरूम की सुविधा होगी।सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। वर्तमान में भवन में पेंटिंग का काम चल रहा है, जिसे शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस निरीक्षण के दौरान डीएफओ गणवीर धम्मशील, एसडीएम आर.आर. दुबे, एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# महिला पूर्व सरपंच से ब्लैकमेलिंग, आरोपी न्यायिक हिरासत में गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

शिकायत वापस लेने के नाम पर पूर्व सरपंच से 1 लाख रुपये की मांग करने, छेड़छाड़ करने और जातिसूचक गाली-गलौज करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पैसे न देने पर जेल भेजवाने की धमकी भी दी थी। यह घटना बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र के तौलीडीह गाँव की है।

- छेड़छाड़ और जातिसूचक गाली-गलौज करने वाला आरोपी गिरफ्तार
- शिकायत वापस लेने के एवज में एक लाख की मांग

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आवेदिका ने 13 जून 2025 को एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में पाया गया कि आरोपी रमेश कुमार जायसवाल (41) ने पूर्व सरपंच के विरुद्ध अनियमितता की शिकायत जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में की थी। इसी शिकायत की जांच के बाद, 11 जून 2025 को रमेश जायसवाल ने आवेदिका से शिकायत वापस लेने के लिए 1 लाख रुपये की मांग की। पैसे न देने पर आरोपी ने जातिसूचक गालियाँ दीं, बांह पकड़कर छेड़छाड़ की और पंचायत भवन की दीवार पर धक्का दे दिया।



### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी विजय ठाकुर द्वारा इसकी विवेचना की गई। विवेचना के दौरान आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप सही पाए गए। इसके बाद आरोपी रमेश कुमार जायसवाल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### आरोपी पर लगे गंभीर आरोप

आवेदिका की शिकायत और गवाहों के बयानों के आधार पर पुलिस ने पाया कि आरोपी रमेश कुमार जायसवाल ने आवेदिका को अनुसूचित जाति का जानकर उसके साथ यह अपराध किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 74, 351(2), 308(2) बीएनएस और 3(2) (की क) एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## वन विभाग ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए किया प्रेरित

# तिरंगा यात्रा है एकता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार





वन मण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र बल्दाकछार के अंतर्गत परसदा परिवृत्त में बुधवार को जल-जंगल एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुटपुरा के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए ।

वन मण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर जोर देते हुए किसानों को खेत की मेढ़ पर वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया जिससे भूमि संरक्षण, जैव विविधता में वृद्धि और दीर्घकाल में अतिरिक्त आय सुनिश्चित हो सके।यात्रा में प्रतिभागियों को तीन समूहों बाघ, तेंदुआ और चीतल में बांटा गया । सभी समूहों ने एक ही मार्ग पर लगभग 5 से 6 किलोमीटर की यात्रा उत्साहपूर्वक पूर्ण की। प्रत्येक समूह में कुछ वनकर्मी, ग्रामीणजन और शिक्षक साथ रहे जिन्होंने मार्ग के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी।

### अधोसंरचनाओं का कराया अवलोकन

इस दौरान प्रतिभागियों को परसदा नाला पर निर्मित चेक डेम एवं नाला डायवर्सन जैसी अधोसंरचनाओं का अवलोकन कराया गया और भू-जल संरक्षण में उनकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। साथ ही वनों में पाई जाने वाली प्रमुख वृक्ष प्रजातियों, वन्य जीवों और औषधीय पौधों की जानकारी दी गई। इस दौरान उप सरपंच नरसिंह यादव, अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति धर्मेन्द्र रजक, प्रशिक्षु परिक्षेत्र अधिकारी अतुल तिवारी, परिक्षेत्र सहायक जय किशन यादव, प्राचार्य प्रवीण साहू, व्याख्याता दुर्गा प्रसाद देवांगन सहित परिक्षेत्र बल्दाकछार के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।








संकलनकर्ता - राजू पाल हरिभूमि संवाददाता हथबंद मो. 6268596376




देश निर्माण के लिए भीम आर्मी भारत एकता मिशन से जुड़ें
• संतोष निराला 9399364095 • सीत करण महिलवार 7440384980 • संजु धृतलहरे 9303395572,
• हेमन्त आदिले 9399265038 • मनिन्दर निराला 8461964442 • विरेन्द्र कुर्रे 7440384980

## खबर संक्षेप

### विश्व आदिवासी दिवस का भव्य आयोजन

**खरोरा** । ग्राम मुड़पार में 15 अगस्त, शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम अल्दा परिक्षेत्र और ग्राम इकाई मुड़पार के संयुक्त तत्वावधान में हृदय स्थल गौरी गौरव चौक में होगा।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. दौलतपाल होंगे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में लोक निर्माण विभाग के सभापति अश्वनी पाल उपस्थित रहेंगे।
कार्यक्रम की अध्यक्षता खुमान सिंह नेताम और नोहरी मंडावी करेंगे।
ग्राम पंचायत सरपंच निर्मला किरीत निषाद और अन्य पंचायत पदाधिकारी भी इसमें शामिल होंगे।
कार्यक्रम का उद्देश्य 'एक तीर, एक कमान- सर्व आदिवासी एक समान' के नारे के साथ समाज में एकता और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाना है।

### यूरिया की बढ़ती कीमत ने तोड़ी किसानों की कमर

**गोपालपुर** । छत्तीसगढ़, जिसे धान का कटोरा कहा जाता है, वहाँ के किसानों पर यूरिया खाद की बढ़ती कीमतों का बुरा असर पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही जाती है, लेकिन इस समय यूरिया खाद की कीमत आसमान छू रही है, जिससे किसान बेहाल हैं। किसानों के लिए यह समय धान, मूंगफली और उड़द जैसी फसलों में यूरिया छिड़काव का है, लेकिन बाजार में एक बोरी यूरिया 600 तक में बिक रही है।
किसान टेकलाल साहू, नारायण प्रसाद साहू और जीवन साहू ने बताया कि सरकारी सोसायटी में यूरिया की कीमत 260 है, लेकिन वहाँ पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं है। इसी का फायदा उठाकर व्यापारी मनमाने ढंग से ऊँचे दामों पर खाद बेच रहे हैं, जिससे किसानों का शोषण हो रहा है।
सरकार से किसानों की अपील
किसानों ने सरकार से मांग की है कि सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए।

### माताओं ने रखा संतान की लंबी उम्र का व्रत, सगरी बनाकर की पूजा-अर्चना

# गांव-गांव में धूमधाम से मनाया गया कमरछठ पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली



ग्राम कुर्रा, धनसुली और बंगोली सहित आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को कमरछठ यानी हलषष्ठी का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि पर माताओं ने अपनी संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए यह व्रत रखा।

इस दिन व्रती माताओं ने नए वस्त्र धारण कर विधि-विधान से पूजा की। उन्होंने पूजा के लिए पलाश और महुआ के पत्तों का उपयोग किया और छह प्रकार के अनाज, फल और फूलों से सगरी कुंड बनाकर भगवान शंकर, माता पार्वती और हलषष्ठी देवी की मिट्टी की मूर्तियां स्थापित कीं। पूजा के दौरान सगरी कुंड को भैंस के दूध से भरा गया। माताओं ने छह प्रकार की सब्जी-भाजी और पसहर चावल की खीर का भोग लगाया, और भैंस के दूध व घी का सेवन कर पूजन संपन्न किया।

**पुरोहितों ने सुनाई कथा:** ग्राम कुर्रा में पंडित सुरेंद्र प्रसाद शर्मा, बंगोली में पंडित प्रमोद शर्मा और धनसुली में पंडित नकुल शर्मा ने माताओं को हलषष्ठी व्रत की कथा का रसपान कराया। कथा के बाद सभी ने मिलकर आरती की और पूजन संपन्न किया।

**पौराणिक मान्यता:** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब कंस ने माता देवकी के सात बच्चों का वध कर दिया था, तब उन्होंने हलषष्ठी माता का यह व्रत रखा था, जिसके फल स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। इसी मान्यता के चलते आज भी माताएं अपने बच्चों की सलामती के लिए यह व्रत रखती हैं।

## बलौदाबाजार में माताओं ने किया हलषष्ठी व्रत

**बलौदाबाजार** । बुधवार को शहर में महिलाओं ने संतान की लंबी उम्र की कामना करते हुए हलषष्ठी(कमरछठ) का व्रत रख सगरी बना कर मिट्टी के शिवलिंग व पार्वती माता की पूजा अर्चना कि। महिलाओं ने पूरे दिन व्रत रखकर दोपहर में पूजा के लिए शहर के चौक पर सगरी बना कर पूजा की। यहां हलषष्ठी माता की स्थापना किया । ममता के इस पर्व में 6 का बड़ा महत्व है। 6 प्रकार के भोग चढ़ाए गए, 6 तरह के खिलौने भौरा,गिल्ली डंडा, नाव, कंचे आदि अर्पित किए । फिर 6 तरह की कथाएं कहीं व सगरी में 6 बार जल व बेल पत्र भैंस का दूध, दही, घी, फूल, कांसी के फूल, सिंगार का सामान, लाई और महुए का फूल





चढ़ाया पूजा के समापन के बाद माताएं अपनी संतान की पीठ पर 6 बार कपड़े की पोटली से थाप लगया और 6 प्रकार की भाजी खाकर अपना व्रत पूर्ण किया। व्रत पूजन में प्रीति सोनी, शकुंतला साहू, नीता पाल, अपर्णा साहू, संतोषी, सविता, रजनी, त्रिवेणी, लता, राधिका साहू सहित मोहल्ले की अन्य महिलाएं शामिल हुए।

## लवन में धूमधाम से मनी हलषष्ठी



**लवन**। भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि का हिंदुओं के लिए बड़ा महत्व है। गुरुवार 14 अगस्त को लवन में यह पर्व बड़े ही श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम जयंती भी मनाई जाती है। माताओं ने अपनी संतान की लंबी उम्र, तरक्की और सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखा।

मान्यताओं के अनुसार, सच्चे मन से यह व्रत रखने पर संतान दीर्घायु होती है और उसके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। इस व्रत में हल से बोए गए किसी भी अन्न या सब्जी का सेवन नहीं किया जाता। माताओं ने भैंस के दूध, दही और महुए का सेवन पलाश के पत्ते पर कर व्रत का पारण किया। इस व्रत के लिए बांस से बने चुनका, चुनकी और अन्य सामग्री की खरीददारी पहले से ही कर ली गई थी। इसके साथ ही, मायके से ब्याही हुई बेटियों को भी व्रत की सामग्री भेजी गई। शाम को माताएं एक निश्चित स्थान पर इकट्ठा होकर षष्ठी माता की कथा सुनीं और व्रत का पारण किया।

**जन्माष्टमी पर्व की तैयारियां शुरू:** हलषष्ठी के बाद अब जन्माष्टमी पर्व को लेकर मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस साल 16 अगस्त शनिवार को भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस बार जन्माष्टमी पर कई वर्षों बाद दुर्लभ



संयोग बन रहा है। इस दिन जयंती योग भी बन रहा है, जो बहुत ही शुभ माना जाता है।

पंडितों के अनुसार, इस वर्ष जन्माष्टमी पर अर्धकालीन तिथि, रोहिणी नक्षत्र और वृष के चंद्रमा का दुर्लभ संयोग बन रहा है। ये तीनों संयोग कई वर्षों बाद एक साथ बन रहे हैं। जन्माष्टमी के दिन सुबह 9 बजे बाल गोपाल का अभिषेक, दोपहर 3 बजे महिला मंडल द्वारा रामायण व भजन कीर्तन और रात्रि 12 बजे नंदलाल का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।



संकलनकर्ता - हेमेश चेरियन, हरिभूमि संवाददाता संडी बंगला, मो.: 812074389

## खबर संक्षेप



### कमरछठ पर सगरी बनाकर की पूजा- अर्चना

**मुंडा** | आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के आसपास क्षेत्र में 14 अगस्त को हलषष्ठी व्रत रखा गया। माताओं ने सुबह से निर्जला व्रत रखा। अपरान्ह 3 बजे के आसपास थाली में पूजा के समान सजा कर सगरी पूजा के लिए अपने-अपने मोहल्ले चौक में पहुंची। सगरी के पास चुकिया भंवरा बैल काशी फुल महुआ पसहर चावल 6 प्रकार की भाजी भैंसी दूध, दही, घी, की भोग लगाकर पूजा अर्चना किया। राजकुमार तिवारी के यहां हलषष्ठी देवी की कथा हर्ष गौराहा के द्वारा सुनाया गया। कथा समापन होते ही प्रसाद वितरण किया गया | माताएं अपने-अपने घर जाकर घर में पूजा अर्चना कर भोग लगाकर अपना निर्जला व्रत तोड़ा। पूजा में शिक्षिका रिचा तिवारी, उषा तिवारी, रुक्मणी तिवारी, नंदनी तिवारी, पंच पूर्णिमा वर्मा, शशि वर्मा, दुकालीन, राजकुमारी, मंगली कुमारी, शकूनतला, नवमी, पुरैईन, शकुंतला, फाग बाई, फेकन, गंगाबाई, सरोजिनी बाई, इतवारा बाई, नीरबाई, भूरी, रुक्मणी एवं मोहल्लावासी सम्मिलित रहे।

### सिमगा में माताओं ने रखा हलषष्ठी का व्रत



सिमगा | कमरछठ हलषष्ठी का पर्व मनाया जाने वाला एक पारंपारिक त्यौहार है | यह पर्व भादो मास के कृष्ण पक्ष के षष्ठी तिथि को मनाया जाता है | आज कमरछठ हलषष्ठी पर्व के दिन माताएं अपनी संतान के लंबी उम्र एवं सुख समृद्धि के लिए पूरे दिन निर्जला उपवास किया | माताओं ने मंदिर एवं अपने घरों के आंगन में सगरी नामक एक छोटा तालाब बनाकर पूरे विधि-विधान के साथ भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना किया | इस व्रत में पसहर चांवल का विशेष महत्व होता है | माताएं पसहर चांवल एवं छह प्रकार की भांजी भैंस के दूध, दही, और घी लाई, महुआ का प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पालन किया |

### आदिवासी बहुल गांवों में चलाया जाएगा आदि कर्मयोगी अभियान

बलौदाबाजार | जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जिले के 46 आदिवासी बहुल गांव में आवश्यक सेवाओं एवं योजनाओं को संतृप्त करने एवं आदिवासी कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा दिया जाएगा। कलेक्टर सोनी के निर्देश पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरजदास मानिकपुरी ने गुरुवार क़ो संपर्क केंद्र से 46 ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी ।र्यकर्ता,एफएलसीआरपी,सक्रिय महिलाओं से संवाद कर आदि कर्म योगी अभियान की चर्चा की गई।

**पर्व : माताओं ने पुत्रों की पीठ पर छुई का पोता लगा की लंबी आयु की कामना**

# अंचल में धूमधाम से मनाया गया हलषष्ठी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

भवानीपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों में हलषष्ठी पर्व बड़ी ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। गाँव की माताओं ने अपनी संतान की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही माताओं ने भैंस का दूध, दही, घी, लाई, महुआ, पसहर चावल जैसी पूजन सामग्री एकत्र करना शुरू कर दिया था।

सभी माताएं गाँव में एक जगह एकत्रित होकर सगरी पूजन किया। पंडित उमा शंकर तिवारी और रोमित तिवारी ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई और हलषष्ठी व्रत की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि इस व्रत को भगवान बलराम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया जाता है, जिन्हें हल धारण करने के कारण हलधर भी कहा जाता है। कथा में कहा गया कि जो माताएं यह व्रत करती हैं, उनकी संतान दीर्घायु होती है और समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**सौतन की कहानी और व्रत का चमत्कार**

कथा में उज्जैन नगरी की दो सौतन रेवती और मानवती की कहानी सुनाई गई। रेवती ने ईर्ष्यावश अपनी सौत मानवती के बच्चों को मारकर जंगल में फेंक दिया था। लेकिन मानवती ने हलषष्ठी का व्रत किया, जिसके प्रभाव से उसके बच्चे वापस जीवित हो गए। इस चमत्कार के बाद सभी महिलाओं ने इस व्रत को करना शुरू कर दिया।

**बड़ी संख्या में माताओं ने लिया भाग**

भवानीपुर के अलावा खपरी, सिसदेवरी, सुंदरी वटगन, गिधपुरी, भरुवाड़ीह और रिवाडीह जैसे गाँवों में भी हलषष्ठी का पूजन किया गया। इस अवसर पर प्रिती झा, निधि तिवारी, गौरी भगवनती, दुर्गा सावित्री निषाद, फेकन साहू, रुक्मणी सेन, हेमलता कनौजे, भावनी निषाद सहित बड़ी संख्या में माताओं ने पूजा में भाग लिया।



### संतान की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा हलषष्ठी का उपवास, की पूजा



हिरमी रावन | ग्रामीण अंचल मोहरा, हिरमी, रावन, सकलोर, कुथरौद, तिल्दाबांधा में संतान की दीर्घायु और कुशलता की कामना के लिए महिलाओं ने गुरुवार को हलषष्ठी का व्रत रखा। हलषष्ठी के दिन महिलाएं सुबह स्नान करके व्रत का संकल्प लिया। इसके बाद घर या बाहर कहीं भी दीवार पर भैंस के गोबर से छठ माता का चित्र बनाया। फिर भगवान गणेश और माता पार्वती की पूजा की पूजा कर छठ माता की पूजा की। कई जगह महिलाओं ने घर में ही गोबर से प्रतीक रूप में तालाब बनाकर, उसमें झरबेरी, पलाश और कांसी के पेड़ लगाए और वहां पर बैठकर पूजा अर्चना की। हलषष्ठी की कथा सुनी। हलषष्ठी के दिन संतान की प्राप्ति और सुख-समृद्धि के लिए महिलाएं व्रत रखती हैं। नवविवाहित स्त्रियां भी संतान की प्राप्ति के लिए यह व्रत करती हैं। बलराम जयंती होने के कारण बलराम व भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है। साथ ही इस दिन खेती में उपयोग होने वाले उपकरणों की पूजा भी की जाती है। कुथरौद की महिलाओं ने हलषष्ठी का व्रत रखा भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी का दिन सुहागिन महिलाओं के लिए सौगात लेकर आता है। वे संतान प्राप्ति तथा संतान के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घ जीवन की मनौती के लिए षष्ठी के दिन व्रत-उपवास व पूजा अर्चना करती हैं। इसे कमरछठ के नाम से जाना जाता है। प्रोजेक्ट कालोनी की महिलाओं ने शिव मंदिर प्रांगण में पूजा- अर्चना की। हलषष्ठी का व्रत जिसे खमरछठ भी कहा जाता है इस दिन सभी माताएं अपने – अपने पुत्रों की दीर्घायु की कामना कर उपवास रखा। सगरी बनाकर, हलष्ठी माता की कथा सुनकर आरती की। अपने पुत्रों के पीठ पर पोती लगाया। लाल चावल जिसे पसहर चावल और छह प्रकार की भाजी जैसे मुनगा भाजी, चरोटा भाजी, चरपनिया भाजी, कुम्हड़ा भाजी, करमत्ता भाजी, चेंच भाजी आदि सभी को मिलाकर सब्जी बनायी गई। महुआ, करौंदा,धनमिर्ची आदि सभी प्रकार के प्राकृतिक रूप से उपज फलों का सेवन कर सभी माताओं ने अपना व्रत तोड़ा। यह जानकारी शैल वर्मा अध्यक्ष मानस महिला मंडल प्रोजेक्ट कालोनी ने दी |

### रवान अर्जुनी करमदा में मनी हलषष्ठी

**रवान** | ग्रामीण अंचल पूरे क्षेत्र में रवान अर्जुनी करमदा में अपने पुत्रों की



लम्बी आयु कामना का पर्व हलषष्ठी बड़े-धूमधाम, विधि-विधान पूर्वक मनाया। इस दौरान महिलाओं ने व्रत रखकर भगवान की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा की। पं. सोनी महाराज ने बताया कि आज के ही दिन भगवान शेष अवतार के रूप बलराम का जन्म हुआ था। भादो महीना की षष्ठी को यह पर्व मनाने का विधान है, इस दिन माताएं बिना हल चले हुए जमीन का उपजे भोजन एवं सात प्रकार के भाजी व महुआ पत्ता का उपयोग करतीं हैं। सभी माताओं ने एक जगह एकत्रित होकर सामूहिक रूप से पूजा-पाठ कर हलषष्ठी माता की कथा सुनी। और शिव, पार्वती-गणेश की पूजा की। महिलाओं ने सगरी बनाकर उसमें जल डालकर पूजा- अर्चना की। माताओं ने बच्चों की पीठ पर छुई का पोता लगाकर इनकी लंबी उम्र की कामना की। चौक-चौराहों पर पसहर चावल एवं पूजन सामग्री की जमकर बिक्री हुई। इस अवसर पर पंडितों ने विधि विधान से पूजा करवाई। महिलाओं ने पूजा के लिए बनाई गई सगरी तालाब कुंड की परिक्रमा की और गीत गाए। पूजा में पसहर चावल व छह प्रकार की भाजी का भोग लगाया गया और प्रसाद को ग्रहण कर महिलाओं ने व्रत तोड़ा।

### संतानों की सुख समृद्धि के लिए हलषष्ठी व्रत

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा** | अंचल में शहर से लेकर गांवों तक आज चारों ओर माताओं ने संतान के सुख आरोग्य और समृद्धि के लिए हलषष्ठी व्रत रखा। माताओं ने बिना हल चले उगे हुए चावल जिसे पसहर कत्थे रंग के चावल के नाम से जाने और पहचाने जाते हैं, जिसका कि वर्ष में आज ही के दिन एक ही बार महत्त्वपूर्ण उपयोग होता है। सार्वजनिक स्थानों और मंदिरों में सामूहिक पूजा अर्चना हेतु दो सटे हुए गड्ढे नुमा सगरी जिनके बीच के संगम द्वार से जल एक से दूसरे में प्रवाहित होता है, बनाया। सगरी को चंदन, कुमकुम, काशी की डाली, महुआ के पत्ते, पलाश के पत्तों, बेलपत्र, फूलों और मावली धागे से सजाकर, लाई, बिरही,में भुना गेहूं, फूटा, चना, मसूर, महुवा, राहल, तुवर, चना आदि चढ़ाकर सामूहिक पूजा अर्चना की।



### खुशहाली और संतान की लम्बी उम्र के लिए रखा कमरछठ व्रत



**गिधौरी**। गिधौरी टुण्डरा सहित अंचल के गांवों में गुरुवार को महिलाओं ने नये वस्त्र पहनकर संतान के की लम्बी आयु के लिए कमरछठ हलषष्ठी का व्रत रखकर हलषष्ठी माता की कथा, जगह-जगह पर महिलाओं ने व्रत रखकर पूजा अर्चना कर कथा सुनी और अपने अपने पुत्रों की पीठ पर पोता लगाया। क्षेत्र के गांवों में बड़ी ही धूमधाम से कमरछठ पूजा पर्व मनाया गया और शाम तक पूजा पाठ चलती रही है |

पंडित मुकेश शर्मा ने बताया गया की आज कृष्ण पक्ष षष्ठी को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है | बलराम को शेषनाग का अवतार माना गया है। भगवान विष्णु के अधिकांश अवतारों में शेषनाग किसी किसी रूप में हमेशा अवतरित हुए। हिंदू धर्म शास्त्र अनुसार भगवान बलराम का प्रधान शस्त्र हल और मूसल है। हलधारण करने के कारण बलराम को हलधर कहा जाता है | भगवान बलराम माता देवकी और वासुदेव की सातवीं संतान है। यह पर्व पूर्णिमा के छठवें दिन बाद चंद्रषष्ठी, बलदेव छठ, रंधन षष्ठी के नाम से मनाया जाता है | महिलाओं द्वारा हलषष्ठी माता की पूजा करके परिवार की खुशहाली एवं संतान की लम्बी उम्र एवं सुख समृद्धि की कामना गई | पूजा अर्चना में बिना हल जोते उगने वाले पसहर चावल और छह प्रकार की भाजियों का भोग लगाया गया।

# अडाणी फाउंडेशन ने किया शिक्षण और खेल सामग्री का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली



तिल्दा विकासखंड में स्थित अडाणी पावर लिमिटेड द्वारा संचालित सीएसआर अडाणी फाउंडेशन के उत्थान प्रोजेक्ट के तहत स्थानीय विद्यालयों में शिक्षण और खेल सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आसपास के 40 स्कूलों के 4500 से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय हाईस्कूल, पूर्व माशा, प्राथमिक शाला मुरा में हुआ। शिक्षण सामग्री और खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर एडवांस स्मार्ट टीवी, नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष पुस्तकें और बैग, विशिष्ट बच्चों के लिए उत्थान डायरी, साउंड सिस्टम और खेल सामग्री जैसे क्रिकेट किट, फुटबॉल किट, वॉलीबॉल किट, कैरम किट, बैडमिंटन किट आदि का वितरण किया गया।

■ 40 स्कूलों के 4500 से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुधाकर टंडन, चीफ बिजनेस ऑफिसर, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जी. मुरलीधरन, प्रोजेक्ट हेड, और विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपाल सिंह देओरा, जोनल हेड मप्र, छग उपस्थित थे। बच्चों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया, जिसे अतिथियों ने खूब सराहा। मंच का संचालन व्याख्याता व्यास नारायण आर्या सर ने भलीभांति किया। सभी स्कूल के संचालन प्रमुख हाई स्कूल प्राचार्या गुलाब विश्वकर्मा ने अडाणी फाउंडेशन रायखेड़ा की ओर से स्कूलों को पूर्व वर्ष में दिए गए शिक्षण सामग्री और खेल सामग्री का विवरण और आभार व्यक्त किया। अडाणी फाउंडेशन द्वारा सभी स्कूलों को शिक्षण और खेल सामग्री वितरित की गई, जिससे मुरा ग्राम के 300 से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे। इसके अलावा, अडाणी फाउंडेशन रायखेड़ा के द्वारा संचालित वृक्षारोपण पखवाड़ा के तहत सभी 40 स्कूलों के 4500 से अधिक बच्चों को दो-दो पेड़ वितरित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में लगभग 400 लोगों को 800 पेड़ बांटे गए।






## खबर संक्षेप



### निःशुल्क बाल हृदय रोग जांचशिविर, 36 बच्चों का परीक्षण

**बलौदाबाजार** । स्थानीय जिला अस्पताल में चिरायु अन्तर्गत बच्चों में हृदय रोग की पहचान हेतु जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश में आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होती रहे इस हेतु शासन का लगातार प्रयास जारी है। इस कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर शिविर आयोजित किया गया।
शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत स्कूलों में साल में एक बार तथा आंगनबाड़ी में साल में दो बार सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। उक्त परीक्षणों में कुछ बच्चों के जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित होने की आशंका हुई जिनके आगे की जाँच के लिए यह विशेष जाँच शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में रायपुर के एक बड़े निजी अस्पताल के बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर टी डी माखीजा द्वारा बच्चों का चेकअप किया गया। शिविर में 36 बच्चों का परीक्षण किया गया। परीक्षण में ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी तथा रक्त जांच की जांच हुई ।

### खेल स्पर्धाओं में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा, जीता ईनाम



बलौदाबाजार । जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत भाटापारा परियोजना के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा में शिक्षा विभाग के समन्वय से खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य शासन के निर्देश व कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के पर्यवेक्षण में किया गया।

महिला सशक्तिरण की टीम द्वारा कुर्सी दौड़, कबड्डी, खो-खो आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कबड्डी विजेता टीम में गोदावरी, यामनी, वर्षा, अन्नु, जिया, नीतू यदू, चंदनी, रोशनी ने भाग ली। खो-खो टीम विजेता में अल्का यादव, ज्योति यदू, सोनम यादव, पलक साहू, पायल साहू, आरती साहू, निशा यादव, अल्का यदू, प्रिया यादव, प्रीति यादव, रेश्मा यदू शामिल रहे। कुर्सी दौड़ विजेता में नंदनी साहू, रिया देवांगन, लवली साहू शामिल हुई एवं सभी विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर ,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ कौशिल्या सोनवानी, नम्रता साहू, स्कूल प्राचार्य चंद्रजी राम कुर्रे सहित स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**पर्व : बच्चों को पीठ पर पोता मारकर दिया आशीर्वाद, खरोरा में धूमधाम से मनाया गया हलषष्ठी पर्व**

# माताओं ने किया संतान की दीर्घायु के लिए व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए बुधवार को खरोरा और आसपास के ग्रामीण अंचलों में हलषष्ठी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माताओं ने सुबह से ही पूजा की तैयारी शुरू कर दी थी और घर के आँगन में सगरी बनाकर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की।

इस व्रत में माताओं ने निराहार रहकर बच्चों की लंबी उम्र का आशीर्वाद मांगा। पूजा के बाद बच्चों की पीठ पर सात अलग-अलग रंग के कपड़ों के टुकड़ों से पोता मारकर आशीष दिया। व्रत को पूरा करने के लिए माताओं ने पसहर चावल का सेवन किया और भैंस के दूध व दही का उपयोग किया। इस दिन भगवान कार्तिकेय का जन्मदिन भी मनाया जाता है, जिससे इस पर्व का महत्व और बढ़ जाता है।

**देवकी माता के व्रत की मान्यताः** ऐसी मान्यता है कि माता देवकी के छह पुत्रों को जब कंस ने मार दिया था, तब उन्होंने अपने बाकी बच्चों की रक्षा के लिए भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को षष्ठी देवी की आराधना करते हुए यह व्रत रखा था। इसी मान्यता के चलते आज भी माताएं अपने बच्चों की खुशहाली के लिए इस व्रत का पालन करती हैं।

**पूजन सामग्री का विशेष महत्वः** हलषष्ठी पर्व में पूजन सामग्री का विशेष महत्व होता है। इसमें फूल, नारियल, फुलोरी, महुआ, लाई, और छह प्रकार की भाजियों को पूजा में शामिल किया जाता है। पसहर चावल का भोग लगाकर ही व्रत का पारण किया जाता है, क्योंकि इस दिन हल से जुते हुए अनाज का सेवन वर्जित होता है।





## ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक ढ़ग से मना हलषष्ठी पर्व

**सुहेला** । नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रवेली, बासीन, बिटकुली, नवापारा आदि ग्रामों में हलषष्ठी व ललही छठ का पर्व परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माताओं ने अपने पुत्रों की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना के साथ उपवास रखकर विशेष पूजा-अर्चना की। सुबह से ही ग्रामीण महिलाएं व्रत धारण कर गांव के चौक-चौराहों में एकत्रित हुईं, जहां परंपरागत रूप से सरगी गड्ढा खोदकर उसकी विधिवत पूजा की गई। पूजा के दौरान पसहर चावल, भैंस के दूध व दही का विशेष प्रयोग किया गया। इसके साथ ही कुश, खिलौने, गौरी-गणेश की पूजा कर हरछठ माता की कथा व ग्वालिन व बलराम जन्म की पौराणिक कथा का पाठ किया गया। इस पर्व में अन्न का त्याग कर माताएं संकल्पपूर्वक उपवास करती हैं और संतान की सुख-समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि हलषष्ठी छत्तीसगढ़ का एक अत्यंत पारंपरिक और सांस्कृतिक महत्व वाला पर्व है, जिसे पूरी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया जाता है। पूरे क्षेत्र में यह पर्व शांति, सद्भाव व धार्मिक भावना के साथ संपन्न हुआ।



### संडी बंगला में धूमधाम से मनाई गई हलषष्ठी

संडी बंगला । संडी बंगला में गुरुवार को हरछठ पूजा का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया।



संतान सुख, दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए माताओं ने निर्जला व्रत रखा और हरछठ देवी की पूजा की। यह पर्व भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार, माताओं ने भुने हुए धान्य जैसे चना, ज्वार, अरहर और महुआ को एकत्र किया। उन्होंने दीवार पर हरछठ माई का चित्र बनाकर, छोटे कुल्हड़ों में भुना अनाज और मेवा भरकर माई की कथा सुनी। कथा के बाद, प्रसाद के साथ जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया। इस व्रत में हल से जुते हुए अनाज और गाय के दूध का सेवन वर्जित होता है, इसलिए महिलाओं ने पसई के चावल, मखाना और भैंस के दूध से बनी खीर का सेवन किया। इस व्रत के कई नियम हैं, जैसे हल से जुते हुए किसी भी अनाज या सब्जी का सेवन नहीं करना। गाय के दूध, दही या घी का इस्तेमाल भी नहीं किया जाता है। व्रत में तालाब में उगने वाली चीजें जैसे सिंघाड़े और पसई के चावल का उपयोग होता है। पूजा में सात प्रकार के अनाज और बच्चों के खिलौने जैसे भौंरा, बाटी भी अर्पित किए जाते हैं। इस दिन षष्ठी माता से संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। माना जाता है कि इस व्रत के पालन से बच्चों के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। शिशु के जन्म के छठे दिन छठी मनाने की परंपरा भी इसी पर्व से जुड़ी है।

### भाटापारा में धूमधाम से मनी हलषष्ठी

**भाटापारा।** भाटापारा नगर में गुरुवार को हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना बड़े ही धूमधाम और श्रद्धापूर्वक की गई। माताओं ने अपनी संतान की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए यह व्रत रखा। इस दिन भगवान बलराम का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है, जिन्हें कृषि और शक्ति का देवता माना जाता है। इस पर्व को लेकर व्रती माताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।इस व्रत में माताओं ने बिना हल से जुते हुए अनाज का सेवन किया, जिसमें पसहर चावल का विशेष महत्व होता है। इसके अलावा, पूजा में भैंस के दूध, दही और घी का भी उपयोग किया गया। नगर के मेन रोड, महावीर वार्ड में सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया, जहाँ व्रती महिलाएँ पूजन सामग्री के साथ इकट्ठा हुईं। पूजा स्थल पर दो गड्ढे बनाकर उन्हें पानी से भरा गया, जिसमें कांशी और पलाश की डंगालें और पत्ते लगाकर **सगरी** की पूजा की गई। सूर्यकांती योगी ने माताओं को हलषष्ठी की कथा सुनाई, जिसके बाद आरती कर फलाहार ग्रहण कर व्रत खोला गया। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम के जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। बलराम को कृषि का संरक्षक माना जाता है। इसलिए इस पर्व पर खेतों में हल नहीं चलाया जाता है।



### संतान की लंबी उम्र के लिए माताओं ने रखा व्रत...



**सुहेला/रावन।** कमरछट पर्व के तहत गुरूवार को परंपरागत तरीके माताओं द्वारा संतान की लंबी उम्र एवं सुख समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना के लिए व्रत रखी गयी। इस पर्व में भगवान शिव और माता पार्वती एवं कार्तिकेय की पूजा अर्चना की जाती है।

### बहू से मारपीट करने वाला आरोपी ससुर गिरफ्तार

**बलौदाबाजार** । ग्राम खम्हरिया यदु में अपनी बहू के साथ मारपीट और अश्लील गाली-गलौज करने वाले आरोपी ससुर पूनमचंद जोशी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 अगस्त 2025 को सुबह करीब 8 बजे उसके ससुर पूनमचंद जोशी ने उसे धक्का दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकल जाने के लिए कहा। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने गुस्से में आकर हाथ में रखे डंडे से उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। पीड़िता की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली थाने में अपराध क्र. 761/2025 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

आरोपी ने कबूला जुर्मः

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पूनमचंद जोशी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी बहू के साथ मारपीट, अश्लील गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का जुर्म स्वीकार कर लिया है।

## अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 12 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में, 13 अगस्त 2025 को पुलिस टीम ने क्षेत्र में अवैध रूप से चखना सेंटर चलाने वाले, होटलों और ढाबों में शराब पिलाने की सुविधा देने वाले, और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वाले कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।


पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति भंग करने वाले और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसना है।



**अवैध गतिविधियों पर लगामः** पुलिस की यह धरपकड़ कार्रवाई जुआ, सट्टा और अवैध शराब बिक्री जैसी गतिविधियों को रोकने के लिए चलाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने अवैध कार्य में लिप्त लोगों को कड़ी चेतावनी दी है कि ऐसी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**गिरफ्तार किए गए आरोपीः** गिरफ्तार किए गए आरोपियों में लखन पटवा (52), वीरेंद्र ठाकुर (37), गिरवर साहू (23), भिलेश मेश्राम (19), अनिल कोसले (29), गुलाब साहू (35), मुकेश साहू (27), संतोष साहू (42), रामेश्वर कश्यप (51), रोहित पटेल (25), कार्तिक साहू (47) और संतोष साहू (35) शामिल हैं। ये सभी आरोपी अलग-अलग थाना क्षेत्रों के निवासी हैं।












संकलनकर्ता - राजू पाल हरिभूमि संवाददाता हथबंद मो. 6268596376

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
14 अगस्त 2025 SHOW TIME
वार-2
शो समय -12:00,3:00,6:30,9:00 PM
कुली
शो समय - 3:15, 9:30 PM
महावतार नरसिम्हा
शो समय - 6:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### अर्जुनी में जन्माष्टमी महोत्सव मनाएंगे कल

**अर्जुनी** । ग्राम पंचायत अर्जुनी में 16 अगस्त को सर्व यादव समाज के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन गौठान में रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 12 बजे निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुलोचना यादव जनपद अध्यक्ष बलौदाबाजार होंगे, अध्यक्षता पुहुप राम यदु अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव महासभा करेंगे। विशिष्ट अतिथि में गीता डोमन वर्मा, जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, जिला पंचायत सभापति सुमन योगेश वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष बलौदाबाजार वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, जनपद पंचायत सभापति कविता, भगेला ध्रुव सरपंच अर्जुनी व विष्णु साहू उपसरपंच अर्जुनी उपस्थित रहेंगे।

### जिला अधिवक्ता संघ चुनाव, मतदान 19 को

**बलौदाबाजार** । मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिनेश तिवारी, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी सीमा रानी करीम, सहायक निर्वाचन अधिकारी नारायण यादव, सोनम साहू ने विज्ञप्ति जारी कर बताया अध्यक्ष पद के लिए मो. शारिक खान, कालिंदी वर्मा, धनंजय साहू, उपाध्यक्ष पुरुष पद पर विजय आनंद बनर्जी, संतोष कुमार कन्नौजे, सचिव पद हेतु गणेश शंकर साहू, गणेश बघमार, सह सचिव पद हेतु रितेश तिवारी, दीनबंधु देवांगन एवं कार्यकारिणी पुरुष सदस्य हेतु ख़लेशवर कुर्रे, विकाश गुप्ता के मध्य मुकाबला है। शेष पद पर प्रत्याशियों के नाम वापसी पश्चात उपाध्यक्ष महिला पद हेतु नंदनी वर्मा, कोषाध्यक्ष पद हेतु दीपक पटेल, ग्रंथपाल पद हेतु राजेंद्र कुमार पटेल, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव पद हेतु संतोष कुमार यादव है। महिला कार्यकारिणी सदस्य हेतु सुमरीत ध्रुव को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है।

## निधन

### प्रभाकर राव भोसले



**बलौदाबाजार** । प्रभाकर राव भोसले ( बल्ला भइया) लंबी बीमारी के बाद बुधवार उपचार के दौरान रायपुर में उन्होंने अंतिम सांस ली । आप प्रमोद राव भोसले, प्रमोकर राव भोसले, के बड़े भाई थे एवं जितेश, रितेश, राजेश के पिता जी थे । मृदुभाषी बल्ला भइया ने सिविल लाइंस दुर्गोत्सव समिति में अपनी महती भूमिका सदैव निभाई है ।

**दिवस :** एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ अटल नगर से शुरू हुई यात्रा

# युवाओं ने निकाली 51 किमी लंबी तिरंगा बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' और 'स्वच्छ भारत' के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से, भारतीय जनता युवा मोर्चा रायपुर के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व फनेन्द्र भूषण वर्मा ने किया, जिसमें कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा और सतनामी समाज के धर्मगुरु खुशवंत साहेब विशेष रूप से शामिल हुए।अटल नगर नया रायपुर से शुरू हुई यह रैली भारत माता के जयघोष और 'वंदे मातरम्' के नारों के साथ 51 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करते हुए धरसींवा विधानसभा के खरोरा मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान युवाओं ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। टंक राम वर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र का भविष्य है। यह तिरंगा यात्रा स्पष्ट संदेश देती है कि हम सभी देश की एकता, अखंडता और सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा एकजुट रहेंगे। गुरु खुशवंत साहेब ने इसे राष्ट्र निर्माण के विजन के अनुरूप बताते हुए कहा कि यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि माँ भारती, हमारे महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर सैनिकों के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। फनेन्द्र भूषण वर्मा ने युवाओं से 15 अगस्त को अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने और आजादी के इस महोत्सव को हर्षोल्लास से मनाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि यह अवसर हमें वीर शहीदों के बलिदान को याद करने और उनके राष्ट्र प्रेम को अपने जीवन में उतारने का संकल्प देता है। इस विशाल रैली को सफल बनाने के लिए कई वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे, जिनमें जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, निगम आयोग अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, आरंग नगर पालिका अध्यक्ष संदीप जैन, भाजपा नेता के.के. भरतद्वाज और मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी शामिल थे।





### तिरंगा यात्रा में दिखा देशभक्ति का जोश

**भाटापारा।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में, भाटापारा के ग्राम मोपका में गुरुवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में महाविद्यालय, हाई स्कूल और पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। सभी ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए। यह तिरंगा यात्रा पूरे गाँव में भ्रमण करते हुए देश की एकता और अखंडता का संदेश देती रही। इस दौरान ग्रामीणों में भी देशभक्ति का जोश देखने को मिला, जिन्होंने अपनी छतों से यात्रा का स्वागत किया।




### महाविद्यालय में निकाली तिरंगा यात्रा

**पलारी।** शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्राचार्य के मार्गदर्शन व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कोमल देवांगन के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के मन में देशभक्ति की भावना जागृत करना, देशभक्ति देश के प्रति सम्मान सैनिकों के प्रति सम्मान और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का स्मरण करना है। इस अवसर पर आत्माराम वर्मा, लक्ष्मीनारायण जलहरे, बिरेन्द्र खरे, ईशज्ञा मेश्राम, डॉ.कंचन गिलहरे, लकेश्वरी साहू, सोनम यादव, हेमलता वर्मा, सिदार एवं छात्र-छात्राओं ने हाथो में तिरंगा झंडा लेकर पलारी में भ्रमण कर सभी को देशभक्ति का संदेश दिया साथ में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित थे ।




### विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकाली

**खरोरा ।** भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वाधान में भारत सरकार के दिशा निर्देश एवं छत्तीसगढ़ शासन के आदेश अनुसार हर घर तिरंगा अभियान 2025 के तहत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला असौंदा संकुल केन्द्र असौंदा विकासखंड तिल्दा की विद्यार्थियों के द्वारा गांव में तिरंगा रैली निकाली गई। इसका उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ एक व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंध स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष हर घर तिरंगा अभियान 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस तिरंगा अभियान में शासन के आदेश अनुसार सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा प्रतिज्ञा लिया गया, तत्पश्चात गांव में तिरंगा रैली निकाली गई ।



### पलारी में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू के नेतृत्व में नगरवासी और स्कूली बच्चों ने इस रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के नारे लगाए गए, जिससे पूरा नगर देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया।नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के वीर जवानों के समर्पण और जज्बे के सम्मान में निकाली गई है। उन्होंने कहा कि हम हर परिस्थिति में अपनी सेनाओं के साथ खड़े हैं और उनके शौर्य, साहस को सलाम करते हैं। जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने कहा कि यह यात्रा केवल एक रैली नहीं, बल्कि भारत माँ, महापुरुषों, क्रांतिकारियों और वीर सैनिकों के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने हर भारतीय से अपने घर पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गा महेश्वर, सीएमओ मनोज बंजारा, पार्षद लेखु वर्मा, नेम सिंह बांधे, नारायण धीवर सहित कई पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी, स्कूली बच्चे और शिक्षक उपस्थित थे।वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा ने तिरंगे को हमारी पहचान और आजादी का प्रतीक बताया। उन्होंने सभी से देश को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए मिलकर काम करने की अपील की। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि यह यात्रा लोगों में देशभक्ति की भावना को बढ़ाती है और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को मजबूत करती है।



### तिरंगे के रंग में रंगा भाटापारा, भव्य तिरंगा यात्रा से गूंजा राष्ट्रप्रेम

**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद भवन से एक भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसने पूरे नगर को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए बाल मंदिर में संपन्न हुई। पूरे मार्ग पर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों की गूंज से वातावरण गौरवपूर्ण हो गया। इस ऐतिहासिक यात्रा में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सभी पार्षदगण और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन हमें उन वीरों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा देश की एकता, अखंडता और गौरव का संदेश देती है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने तिरंगे को हमारी अस्मिता, एकता और बलिदान का प्रतीक बताते हुए कहा कि हर घर पर तिरंगा फहराकर हम आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इस यात्रा के दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तहत घरों और वीर सैनिकों के सम्मान में नगर की दुकानों पर तिरंगा झंडा वितरित किया गया। इस पहल को नगरवासियों ने बड़े उत्साह के साथ अपनाया और अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया। प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील यदु, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अविनाश शर्मा, नगर पालिका अधिकारी जफर खान सहित कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# स्कूल में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी, बच्चों ने प्रस्तुत की मनमोहक झांकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

सत्यम पब्लिक स्कूल, सोहेला में आज भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण के रूप में सजकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की शुरुआत रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की आकर्षक झांकियों के साथ हुई। लड़कियाँ राधा के रूप में सजी थीं और लड़कों ने कृष्ण का रूप धारण किया। बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए और मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ, जिसे बच्चों ने अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ संपन्न किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में न केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति लगाव उत्पन्न होता है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और मंच पर प्रदर्शन की क्षमता भी विकसित होती है।

प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षकगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे और बच्चों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिसर में पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया था।






# सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा पर होगी वाद-विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य सरकार के निर्देश पर, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से एक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में, 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' विषय पर हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता कुल पाँच चरणों में संपन्न होगी, जिसमें विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

इस प्रतियोगिता का पहला चरण 15 अगस्त 2025 को स्कूलों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू होगा, जिसमें भाग लेने वाले छात्रों को राज्य स्तर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके बाद, 23 अगस्त को विकासखंड स्तर पर, 30 अगस्त को जिला स्तर पर, 6 सितंबर को संभाग स्तर पर और 13 सितंबर को राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक चरण में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के माध्यम से समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना है। विभाग का मानना है कि युवा पीढ़ी को इस विषय से जोड़कर सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### पुरस्कार और प्रोत्साहन राशि

विकासखंड स्तर पर प्रथम पुरस्कार 2,500 रुपये, द्वितीय 2,000 रुपये, तृतीय 1,500 रुपये, और 3 सांत्वना पुरस्कार 1,000-1,000 रुपये, जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 7,000 रुपये, द्वितीय 5,000 रुपये, तृतीय 3,000 रुपये, और 5 सांत्वना पुरस्कार 2,000-2,000 रुपये, संभाग स्तर पर प्रथम पुरस्कार 11,000 रुपये, द्वितीय 8,000 रुपये, तृतीय 6,000 रुपये, और 5 सांत्वना पुरस्कार 3,000-3,000 रुपये और राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 35,000 रुपये, द्वितीय 25,000 रुपये, तृतीय 20,000 रुपये, और 7 सांत्वना पुरस्कार 10,000-10,000 रुपये दिए जाएंगे।

# प्रधानपाठक संघ ने परिजन को दी 21 हजार सहयोग राशि



**गोपालपुर** । प्रधानपाठक संघ ब्लाक बिलाईगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष यादराम हिरवानी के नेतृत्व में एक नया अभियान शुरू किया गया है। संगठन के सदस्य के आकस्मिक निधन हो जाने की स्थिति में पीड़ित परिवार को सहयोग राशि प्रदान करने की निर्णय लिया गया था। जिसके तहत गेंदलाल अमलीवार प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला ऊपर पारा मिरचिद के आकस्मिक निधन हो गया। उनकी श्रीमती को 21 हजार रुपए की सहयोग राशि 14 अगस्त को प्रदान किया। सहयोग के समय यादराम हिरवानी, प्रसन्न चंद्रा, दिनेश कुमार डहरिया, राजकुमार वर्मा, देवीचरण जायसवाल, गणपत खूंटे, योगेश कुमार श्रीवास थे।

# 'समाधान अभियान' से मिले 50 लाख के 330 गुम मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर चलाए गए 'समाधान अभियान' के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। कई दिनों की कड़ी मेहनत के बाद पुलिस टीम ने जिले में गुम हुए 330 मोबाइलों को बरामद किया है, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत 50 लाख रुपये से अधिक है।

पुलिस ने यह मोबाइल केवल छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, कोरबा जैसे जिलों से ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र के पुणे, मध्य प्रदेश के सतना और बिहार जैसे राज्यों से भी बरामद किए हैं। आज 14 अगस्त 2025 को पुलिस कम्युनिटी हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बरामद किए गए मोबाइलों को उनके मालिकों को सौंपा। अपने खोए हुए फोन वापस पाकर लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया और खुशी जाहिर की।

**पुलिस ने दी जरूरी सलाह:** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने इस अवसर पर लोगों से अपील की कि यदि उन्हें कोई लावारिस मोबाइल मिले या कोई व्यक्ति कम कीमत पर बिना रसीद का फोन बेच रहा हो, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि ऐसे फोन चोरी के हो सकते हैं या किसी अपराध में इस्तेमाल किए गए हो सकते हैं। उन्होंने साइबर ठगी से बचाव के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी और लोगों को अपने फोन सुरक्षित रखने की सलाह दी।

**पुलिस टीम का योगदान:** इस अभियान की सफलता में निरीक्षक प्रणाली वैद्य, प्रधान आरक्षक विनोद सिंह, आरक्षक उमेश कुमार वर्मा, सत्यम यादव, इनेन्द्र कुमार सिंह, कमलेश श्रीवास और नारायण देवांगन का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने बताया कि भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा। इससे पहले भी दो बार चलाए गए अभियान में 95 लाख रुपये मूल्य के 635 मोबाइल बरामद किए गए थे।














हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 15 अगस्त 2025
बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़










संकलनकर्ता- राकेश श्रीवास, हरिभूमि संवाददाता सिमगा, मो.- 9300696088, 9589914433
















संकलनकर्ता- भानु प्रताप साहू, हरिभूमि संवाददाता कसडोल, जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.), मो.- 9584860177













संकलनकर्ता- राकेश श्रीवास, हरिभूमि संवाददाता सिमगा, मो.- 9300696088, 9589914433


मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व
एवं आपदा प्रबंधन विभाग
श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल जी
जिला पंचायत अध्यक्ष
बलौदाबाजार-भाटापारा
15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
भारत माता तेरी गाथा, सबसे ऊंची है तेरी शान,
तेरे आगे शीश झुकाए और दे तुझको हम सब सम्मान।
विनीत : जिला पंचायत
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा


मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व
एवं आपदा प्रबंधन विभाग
श्रीमती सुलोचना यादव
अध्यक्ष जनपद पंचायत
बलौदाबाजार
15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मैं मुल्क की हिफाजत करूँगा ये मुल्क मेरी जान है, इसकी रक्षा के लिए
मेरा दिल और जां कुर्बान है... वन्दे मातरम, जय हिन्द
विनीत : जनपद पंचायत बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
भारत माता तेरी गाथा,
सबसे ऊंची है तेरी शान,
तेरे आगे शीश झुकाए और
दे तुझको हम सब सम्मान।
मान. केदार कश्यप
जल संसाधन मंत्री छ.ग. शासन
समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं
ठेकेदार संभागीय कार्यालय
जल संसाधन विभाग
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा


15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी यह गुलसिता हमारा,
भारत माता की जय, वंदे मातरम।
मान. अरुण साव
लोक निर्माण मंत्री छ.ग. शासन
समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं
ठेकेदार संभागीय कार्यालय लोक निर्माण विभाग
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा













संकलनकर्ता - दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें....मो. 9926204007


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रविशंकर वर्मा
अध्यक्ष, भाजपा मण्डल ब.बा. (ग्रामीण)
आनंद यादव
जिलाध्यक्ष-भाजपा, बलौदाबाजार-भाटापारा
रामनाथ सोनी
जिला प्रतिनिधि
लक्ष्मीकांत वर्मा
उपाध्यक्ष
परेश वैष्णव
उपाध्यक्ष
गुलपत ध्रुव
उपाध्यक्ष
भगवंतीन सेन
उपाध्यक्ष
विष्णु साहू
महामंत्री
मुरारी कनौजे
महामंत्री
प्यारेलाल फेकर
कोषाध्यक्ष
आरती महिलांग
मंत्री
उर्मिला वर्मा
मंत्री
रविकांत वर्मा
मंत्री
भारती साहू
मंत्री
संतोष सेन
मंत्री प्रचार-प्रसार
संगीता ध्रुव
कार्यालय प्रभारी
हरिशंकर यदु
सहकार्यालय प्रभारी
बहादुर साहू
मिडिया प्रभारी
दिनेश नायक
मिडिया प्रभारी
लक्ष्मीनारायण वर्मा
सोसल मिडिया प्रभारी
जागेश्वर साहू
सहसोशल मिडिया प्रभारी
शिव साहू
आईटी सेल संयोजक
रामविशाल वर्मा
मन की बात प्रमुख
कार्यकारिणी-सदस्य
राघव साहू, कोलियारी
डिलेश वर्मा, गैतरा
छेदुराम वर्मा, मगरवाय
सरोज साहू, ढ़नढ़नी
सोनऊ साहू सेम्हराडीह
ओमप्रकाश वर्मा खम्हरिया
संतोष यादव चिचोली
फिरन यादव, भाठागाँव
रेवा राम ध्रुव पारागाँव
परदेशी नेताम, देवरी
गोवर्धन पाल सोनाडीह
शेषनारायण वर्मा करमदा
आत्माराम साहू सरकीपार
बसंत वर्मा पुरान
कोमल वर्मा, रवान
घासीराम टण्डन, खैरताल
सुशीला साहू ढनढनी
रेखा वर्मा रिसदा
रत्ना बघेल सेम्हराडीह
कांती साहू कोलियारी
भोज बाई ध्रुव पारागाँव
गीता मरकाम सलौनी
होम बाई रजक मुढीपार
अंबिका जांगड़े कुकुरदी
जमुना वर्मा झोंका
अनुराधा यादव, बुडगहन
पूर्णिमा वर्मा
हेमा वर्मा
परेश वैष्णव
उपाध्यक्ष-भाजपा मण्डल (ग्रामीण)
भाजपा मण्डल बलौदाबाजार (ग्रामीण), जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
एक प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान


79 वें
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
आइए हम अपने वीर शहीदों को नमन करें
और एक मज़बूत भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।


Shree Cement
BANGUR CEMENT
HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
BANGUR MAGNA CEMENT
USE FOR SOLID CONCRETE
BANGUR
ROOFON PLUS
CONCRETE MASTER
1800 1022
bangurcare@shreecement.com










संकलनकर्ता - दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें....मो. 9926204007




















संकलनकर्ता- हेमकुमार साहू संवाददाता हरिभूमि पलारी मो. 9617056240


ग्राम पंचायत खपरी (भ) की ओर से आप सभी को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दिनेश कुमार मारकण्डे
सरपंच ग्राम पंचायत खपरी (भ)
अशोक सोनवानी
सचिव ग्राम पंचायत खपरी (भ)
-: पंचगण :-
मंगल प्रसाद बारले, रुपेन्द्र धुव खेलवंतीन बारले, लिला घृतलहरे जयकुमारी कमल, गढ़ौरी धुव
विनीत- समस्त ग्रामवासी खपरी (भ) आश्रित ग्राम तमोरी


ग्राम पंचायत मोहान की ओर से आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती रानू धुव
सरपंच ग्राम पंचायत मोहान
दयानंद गेण्डरे
वरिष्ठ सचिव ग्राम पंचायत मोहान
गोपाल धुव
सरपंच प्रतिनिधि मोहान
विनीतः- समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत मोहान आश्रित ग्राम बोदा


ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित भवानीपुर पं. क्र. 617
की ओर से आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विजय कोसले
प्राधिकृत अधिकारी
विनीत- समस्त किसान भवानीपुर, जुनवानी, रीवांडीह, खपरी, तमोरी, भरूवाडीह, बिजराडीह, बोदा, मोहान


ग्राम पंचायत रीवांडीह की ओर से आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती इन्द्राणी रोहिदास
सरपंच ग्राम पंचायत रीवांडीह
चूड़ामणी साहू
सचिव ग्राम पंचायत रीवांडीह
विनीत :- समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत रीवांडीह


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा की ओर से आप सभी को
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
श्रीमती पूनम श्रेय
सरपंच ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा
रोहित कुमार श्रेय
सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा
बिरेन्द्र पटेल
ग्रामीण सदस्य
हेमंत कनौजे
ग्रामीण सदस्य


आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संकलन एवं प्रस्तुति- मुकेश झा भवानीपुर (हरिभूमि) मो. 9926155239
शिवा झा